**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी।इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृहमंत्री ने कहा कि 34 लाख संगणक और सुपरवाइजर तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना कर्मी अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल उपकरणों के साथ यह अभियान संचालित करेंगे। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पत्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य विवरण दर्ज किया जाएगा। स्वत: संगणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। डेटा संग्रह और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े उपाय किये जाएंगे।

*****************************************************************

हरियाणा में कल पंचायती संस्थाओं के उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए और चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए गए।फरीदाबाद जिले के उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि की तीन ग्राम पंचायतों जसाना, लदियापुर और मादलपुर में पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव जसाना से अंजलि ने सरपंच पद पर जीत हासिल की।मादलपुर से अर्सलान खान सरपंच और सलमान, पंच पद पर विजयी रहे। लदियापुर से मुशर्रफ ने सरपंच पद के चुनाव में जीत दर्ज की। वहीं अंबाला के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अम्बाला में चार ग्राम पंचायतों के तहत सरपंच पदों के लिए उपचुनाव हुआ। उपचुनाव में ग्राम पंचायत काठगढ़ से निर्मला सरपंच पद पर विजयी हुई । निर्मला को कुल

557 मत प्राप्त हुए । इसी प्रकार ग्राम पंचायत सज्जन माजरी से जगदीश कुमार विजयी रहे । जगदीश कुमार को कुल 166 मत प्राप्त हुए।नारायणगढ़ की ग्राम पंचायत आजमपुर से नवजोत सैनी सरपंच पद के लिए चुने गए। उन्हें कुल 195 मत प्राप्त हुए । ग्राम पंचायत नसडौली से सुखविन्द्र सिंह ने सरपंच पद का चुनाव जीता । सुखविन्द्र सिंह को कुल 270 मत मिले। नारायणगढ़ खण्ड की ग्राम पंचायत लखनौरा से पहले ही सरपंच का चुनाव सर्वसम्मति से कर लिया गया था।

*****************************************************************

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला में 15 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर यवनिका पार्क में वॉकथानका आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम चन्द्रकान्त कटारिया, कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा रहें| मुख्य अतिथि ने झंडी दिखाकर वॉकथान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम मे संस्थान के अधिकारी, कर्मचारियों, ओर विद्यार्थियों सहित लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने नियमित रूप से योगाभ्यास के महत्व पर जोर दिया ओर योग से तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए उत्साहित किया।

*****************************************************************

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने हरियाँ और चंडीगढ़ में 20 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि आज हरियाणा में कहीं कहीं, कल व परसों कुछेक स्थानों पर और उसके बाद कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले तीन से चार दिन मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

उन्होंने कहा कि इस बार मानसून एक सप्ताह पहले आने की संभावना को देखते हुए मौसम वैज्ञानिको को अच्छी बरसात होने की उम्मीद है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वह वर्तमान परिवर्तनशील मौसम में बागवानी व नर्सरी के पौधों की शाम के समय ही सिंचाई करें। उन्होंने कहा कि भिवानी में नमी की कमी अब पूरी हो गई है।किसान कपास की निराई व गुड़ाई का कार्य कर सकते है।

*************************************************************

चंडीगढ़ में सेक्टर-15 स्थित वृद्धाश्रम में आज 'विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' मनाया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुश्री संप्रीत कौर ने उपस्थित लोगों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणकी सेवाओं, कार्यप्रणाली के साथ-साथ नालसा यानि वरिष्ठ नागरिक योजना, 2016 कीजानकारीदी।उन्हें राष्ट्रीय हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 15100 और नालसा ऐप के बारे में भी बताया गया। इस वर्ष इसदिन का विषय "आपात स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों पर प्रकाश" पर केंद्रित है

*************************************************************